
देहरादून,पौड़ी–गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 16 अंकः 121 पृष्ठ : 8 मूल्यः एक रूपए

विचार–प्रवाह...ये रूल्स क्या हैं?



# पेज श्री

देहरादून, बुधवार, 11 अगस्त 2021



मौसम — अधिकतम $31.0^0$ न्यूनतम $24.0^0$

42243.40

2 इमरान खान 'असहाय' प्रधानमंत्री
7 दूसरे टेस्ट के लिए मोईन अली की वापसी

# महिला स्वयं सहायता समूहों को दी जाएगी मजबूती

## सीएम ने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन से जुड़े महिला स्वयं सहायता समूहों से संवाद कर उनका फीडबैक लिया

**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि महिला स्वयं सहायता समूहों को और मजबूती दी जाएगी। समूहों को उनके उत्पादों की अच्छी कीमत मिल सके, इसके लिए जरूरी है कि मांग आधारित उत्पादन किया जाए। कोशिश की जाएगी कि समूहों का टाईअप बड़ी कम्पनियों से हो। मुख्यमंत्री, सचिवालय स्थित वीर चंद्र सिंह गढ़वाली सभागार में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन से जुड़े महिला स्वयं सहायता समूहों से संवाद कर उनका फीडबैक ले रहे थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि महिला स्वयं सहायता समूह बहुत अच्छा काम कर रहे हैं। इन्हें और अधिक मजबूती दी जाएगी। इन समूहों को क्या समस्याएं आ रही हैं, उनके अनुसार राज्य सरकार और क्या कर सकती है, इसे जानने के लिए यह संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया।

### समूहों का टाईअप बड़ी कम्पनियों से होः सीएम

**बेहतर कीमत के लिए मांग आधारित उत्पादन**

मुख्यमंत्री ने कहा कि महिला स्वयं सहायता समूहों को उनके उत्पादों की बेहतर कीमत मिल सके, इसके लिए बाजार की मांग के अनुरूप उत्पादन किए जाने की जरूरत है। निजी बड़ी कम्पनियों के साथ समूहों के जाइन्ट वेंचर की सम्भावनाएं भी देखी जाएंगी। दीनदयाल अन्त्योदय–राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन का उद्देश्य स्वरोजगार के माध्यम से समाज के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्तियों को सशक्त करना है।



**स्वरोजगार के लिए कैम्प लगाए जाएंगे**

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकारी नौकरियां सीमित होती हैं, इसलिए राज्य सरकार का रिक्त पदों पर भर्ती के साथ ही लाखों लोगों को स्वरोजगार से जोड़ने पर भी फोकस है। लोगों को बहुत बार औपचारिकताएं पूरी न होने के कारण बैंक से ऋण स्वीकृत नहीं हो पाता है। इन समस्याओं को देखते हुए हमने कैम्प लगाने के निर्देश दिए हैं जहां राज्य सरकार के अधिकारी और बैंक अधिकारी मौके पर ही फार्म आदि भरने और औपचारिकताएं पूरी करने में सहायता करेंगे।

कैबिनेट मंत्री स्वामी यतीश्वरानंद ने कहा कि स्वयं सहायता समूहों के बैंक लिंकेज, वैल्यु एडीशन, प्रशिक्षण और गुणवत्ता सुधार पर विशेष ध्यान दिए जाने की आवश्यकता है। निर्धारित लक्ष्यों को समय से पूरा करना सुनिश्चित किया जाए।

अपर मुख्य सचिव श्रीमती मनीषा पंवार ने बताया कि दीनदयाल अन्त्योदय राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन 13 जिलों के 95 विकासखण्डों में संचालित की जा रही है। 33 हजार से अधिक महिला स्वयं सहायता समूह इससे जुड़े हैं। लगभग 2.5 लाख महिलाएं इन समूहों की सदस्य हैं। प्रत्येक समूह को 10 से 15 हजार रूपए राशि का रिवाल्विंग फंड उपलब्ध करवाया जाता है।

इस अवसर पर कार्यक्रम में उपस्थित महिला स्वयं सहायता समूहों की सदस्यों ने अपने समूह की गतिविधियों और समस्याओं की जानकारी देते हुए सुझाव भी दिए। कुछ महिला स्वयं सहायता समूहों ने मुख्यमंत्री को अपने उत्पाद भी भेंट किए।

### कोरोना काल में प्रभावित महिला स्वयं सहायता समूहों की सहायता पर सरकार करेगी विचार

मुख्यमंत्री ने कहा कि कोरोना काल में उद्यमियों के साथ ही महिला स्वयं सहायता समूहों को भी परेशानियों का सामना करना पड़ा है। राज्य सरकार विचार करेगी कि कोरोना काल में प्रभावित महिला स्वयं सहायता समूहों की किस प्रकार सहायता की जा सकती है। रक्षा बंधन तक इस संबंध में कुछ न कुछ निर्णय लिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा देश में मुफ्त वैक्सीन, सबको वैक्सीन का अभियान शुरू किया गया है। राज्य सरकार उत्तराखण्ड में आगामी चार माह में शत प्रतिशत वैक्सीनेशन के लक्ष्य के साथ काम कर रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### उत्तराखंड में मंगलवार को 39 व्यक्ति मिले कोरोना संक्रमित

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

देहरादून। उत्तराखंड में मंगलवार को कोरोना के 39 नए मामले मिले हैं। जबकि 41 मरीज स्वस्थ हुए हैं। बता दें कि अब तक उत्तराखंड में कोरोना के 342432 मामले आए हैं। इनमें 328610 (95.96 फीसद) लोग ठीक हो चुके हैं। फिलवक्त राज्य में कोरोना के 444 सक्रिय मामले हैं। वहीं कोरोना संक्रमित 7368 मरीजों की अब तक मौत हो चुकी है।

### लाल चौक में आतंकियों का ग्रेनेड से हमला

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

जम्मू। श्रीनगर के प्रसिद्ध लाल चौक इलाके में आतंकियों ने आज मंगलवार दोपहर को ग्रेनेड से हमला कर दिया। इस हमले के तुरंत बाद आतंकी वहां से भाग गए। सुरक्षाबलों ने पुलिस के साथ आतंकियों की धरपकड़ के लिए तलाशी अभियान छेड़ दिया है। आतंकियों के इस ग्रेनेड हमले में 10 नागरिक घायल हो गए हैं।

# सुको ने भाजपा कांग्रेस सहित 10 राजनीतिक दलों पर जुर्माना लगाया

## उम्मीदवारों के खिलाफ आपराधिक मामलों का नहीं किया खुलासा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने राजनीतिक दलों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। भाजपा और कांग्रेस समेत 8 राजनीतिक दलों पर जुर्माना लगाया है। अपने–अपने उम्मीदवारों के खिलाफ आपराधिक मामलों को सार्वजनिक नहीं करने के लिए देश की शीर्ष अदालत ने यह कार्रवाई की है। सुप्रीम कोर्ट ने आज अपने फैसले में बिहार चुनाव के दौरान उम्मीदवारों के आपराधिक इतिहास को सार्वजनिक करने के अदालत के निर्देशों का पालन न करने के लिए भाजपा और कांग्रेस पर एक–एक लाख और राकांपा और सीपीएम पर 5 लाख रुपये का जुर्माना लगाया।

बता दें कि कांग्रेस, भाजपा, एनसीपी और सीपीएम सहित कई दलों ने बिहार चुनाव के दौरान अपनी पार्टी के उम्मीदवारों पर चल रहे आपराधिक मुकदमों के बारे में सार्वजनिक घोषणा नहीं की थी। इसलिए सुप्रीम कोर्ट ने इन पार्टियों के खिलाफ यह कार्रवाई की है। सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट निर्देश दे रखा है कि पार्टियों को यह घोषणा करना होगा कि उनकी पार्टी के कितने उम्मीदवारों पर आपराधिक मुकदमे चल रहे हैं।

शीर्ष न्यायालय ने कहा कि कोर्ट की तमाम अपीलें इन तक नहीं पहुंच पाई हैं। राजनीतिक पार्टियां अपनी नींद से जगने को तैयार नहीं हैं। कोर्ट के हाथ बंधे हैं। यह विधायिका का काम है। हम सिर्फ अपील कर सकते हैं। बता दें कि सुप्रीम कोर्ट ने राजनीतिक दलों को निर्देश दिया है कि वे अपनी वेबसाइट के होमपेज पर उम्मीदवारों के आपराधिक इतिहास के बारे में जानकारी प्रकाशित करें।



**किस दल पर लगा कितना जुर्माना**

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को मामले की सुनवाई करते हुए भाजपा, कांग्रेस, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी, बसपा, जदयू, राजद, आरएसएलपी, लोजपा पर एक लाख रुपये जुर्माना लगाया है। इसके अलावा सीपीएम और रांकपा पर पांच लाख रुपये जुर्माना लगाया है।

# राजधानी देहरादून में आया भूकंप, 3.8 रही तीव्रता

**संवाददाता**

देहरादून। उत्तराखंड की राजधानी दून में भूकंप के झटके महसूस हुए हैं। रिक्टर पैमाने पर इसकी तीव्रता 3.8 दर्ज की गई है। हालांकि, इससे किसी तरह के नुकसान की कोई खबर नहीं है। बताया जा रहा है कि भूकंप का केंद्र देहरादून था। झटके महसूस होते ही लोग घरों से बाहर निकल आए।

भूकंप के लिहाज से उत्तराखंड बेहद संवेदनशील राज्य है। 24 जुलाई को देर रात उत्तरकाशी जिले में भी भूकंप के झटके महसूस किए गए थे। राहत की बात यह रही कि इस भूकंप में किसी भी प्रकार के नुकसान की कोई खबर सामने नहीं आई है।

**जानिए क्यों बार-बार आता है भूकंपः** पृथ्वी के अंदर सात प्लेट्स होती हैं, जो लगातार घूमती रहती हैं। जहां ये प्लेट्स ज्यादा टकराती हैं, वह जोन फॉल्ट लाइन कहलाता है। इस दौरान जब बार–बार टकराने से प्लेट्स के कोने मुड़ते हैं। जब ज्यादा दबाव बनता है तो प्लेट्स टूटने लगती हैं और नीचे की ऊर्जा बाहर आने का रास्ता खोजती हैं। इससे डिस्टर्बेंस होना शुरू होता है। इसके चलते ही बार–बार भूकंप आता है।

**झटके**

- भूकंप का केंद्र दून था, घरों से बाहर निकले लोग

### भूकंप के केंद्र और तीव्रता का क्या मतलब है?

भूकंप का केंद्र वह स्थान होता है जिसके ठीक नीचे प्लेटों में हलचल से भूगर्भीय ऊर्जा निकलती है। इस स्थान पर भूकंप का कंपन ज्यादा होता है। कंपन की आवृत्ति ज्यों–ज्यों दूर होती जाती हैं, इसका प्रभाव कम होता जाता है। फिर भी यदि रिक्टर स्केल पर 7 या इससे अधिक की तीव्रता वाला भूकंप है तो आसपास के 40 किमी के दायरे में झटका तेज होता है। लेकिन यह इस बात पर भी निर्भर करता है कि भूकंपीय आवृत्ति ऊपर की तरफ है या दायरे में। यदि कंपन की आवृत्ति ऊपर को है तो कम क्षेत्र प्रभावित होगा।

Are you Planning to make a Website or already have ?
If yes, then we are here to serve you
What we do
Website Development
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.
Promotion & Branding
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS
Search Engine Optimisation
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.
Contact:
Gadoli Media Ventures
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. I Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in

# मजार–ए–शरीफ तक पहुंचा तालिबान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

मजार ए शरीफ। अफगानिस्तान के 6 प्रांतों पर कब्जा कर चुके तालिबानी आतंकवादी अब तजिकिस्ध्तान से सटे अफगान शहर मजार–ए–शरीफ तक पहुंच गए हैं। अफगान सेना और तालिबान के बीच मजार–ए–शरीफ के बाहरी इलाके में भीषण युद्ध चल रहा है। इस महासंकट को देखते

### राजनयिकों को विशेष विमान से निकालेगा भारत

भारत ने मजार–ए–शरीफ में सक्रिय अपने एकमात्र महावाणिज्य दूतावास से भी कर्मचारियों और कुछ भारतीय नागरिकों को निकालने का फैसला किया है।

इसके लिए भारत वायुसेना के विशेष विमान को मजार–ए–शरीफ भेजेगा। भारतीय वाणिज्य दूतावास ने एक ट्वीट करके मजार–ए–शरीफ और उसके आसपास मौजूद भारतीय नागरिकों से अपील की है कि वे इस विशेष विमान में सवार होकर वहां निकल जाएं। वाणिज्य दूतावास ने कहा कि यह विशेष विमान आज शाम को मजार–ए–शरीफ से नई दिल्ली को जाएगा। भारतीय नागरिकों से कहा गया है कि जो लोग वहां से निकलना चाहते हैं, वे अपनी सारी डिटेल भेज दें।